तापमान
अधिकतम 27 .5 डिग्री
न्यूनतम 19 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 11 जुलाई 2025

12 गंगाजल लाने वाले कांवड़ियों को करवाना होगा रजिस्ट्रेशन...



12 हर वार्ड में सफाई व स्ट्रीट लाइट पर नजर रखेगी कमेटी, चार सदस्य...



## खबर संक्षेप

### 550 ग्राम अफीम के साथ आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप मे सोनू कुमार वासी मोहमदपुर जिला बुलंदशहर यूपी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 550 ग्राम अफीम बरामद की तथा नशीला पदार्थ सप्लाई करने की महिला आरोपी वासी करनाल को भी गिरफ्तार कर लिया।

### बेटे की मौत खबर सुनकर मां ने सदमे में दम तोड़ा

**इसराना।** ब्लाक इसराना के गांव जौंधन कलां में एक मां को अपने बेटे की मौत का फोन उसके घर पर आया तो उसकी मां ने दम तोड दिया। परिजनों ओर ग्रामीणों ने दोनों मां बेटे की सामूहिक अंत्येष्टि की। गांव जौंधन कलां का यश उर्फ नितिन 22 साल उत्तराखंड के जिला बागेश्वर के गांव भुनार पोस्ट आफिस से गांव सामया में डाक वितरण के लिए बुधवार को सुबह डाक लेकर निकला व रास्ते में जंगली जानवर ने उस पर हमला कर दिया। जिस से उस की बाइक असंतुलन होकर गहरी खाईं में गिर गई जिससे उसकी मौत हो गई।

### सड़क हादसे में एक की मौत, तीन घायल

**पानीपत।** पानीपत में नेशनल हाईवे. 709 पर गांव कुराड़ के पास हुए सडक़ हादसा में एक आईटीआई स्टूडेंट की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसके तीन अन्य दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक पर चार दोस्त सवार थे। सूचना मिलते ही पुलिस व एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। हादसा सनौली थाना क्षेत्र में कुराड़ गांव के पास हुआ। जहां एक बाइक पर सवार सवार होकर चार दोस्त कुराड़ गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी ट्रैक्टर के साथ टक्कर हो गई। चार में से एक की मौके पर मौत हो गई। और बाकी के तीन दोस्त घायल हो गए। मृतक की पहचान 16 वर्षीय अंशु के रूप में हुई है।

### जमीनी विवाद को लेकर युवक ने निगला जहर, मौत

**पानीपत।** युवक ने जमीनी विवाद के चलते परेशान होकर जहरीले पदार्थ निगल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वहीं जहरीला पदार्थ सेवन करने से पूर्व युवक ने उस जमीन पर पहुंचकर वीडियो भी बनाया, जिस जमीन को लेकर ये पूरा विवाद चल रहा था। वहां उसका चाचा और चचेरा भाई जबरन कब्जा करने आए हुए थे। शिकायत के आधार पर दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर लिया है। मृतक युवक के पिता जगदीप ने बताया कि मृतक सोनू उसका बेटा था।

# अंबाला सदर नगर परिषद के लिए तीन पार्षद हुए मनोनीत

- बराड़ा व नारायणगढ़ नगरपालिका के लिए भी दो-दो सदस्य मनोनीत, निकाय की मीटिंग में हिस्सा लेने का मिलेगा मौका, न चुनाव लड़ सकते हैं न ही सदन में वोटिंग का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शहरी स्थानीय निकाय द्वारा जारी दो अलग अलग नोटिफिकेशन के जरिए यहां की तीन नगरपरिषद व नगरपालिकाओं के लिए सदस्य मनोनीत कर दिए गए। अंबाला कैंट की सदर नगर परिषद के लिए मदन लाल शर्मा, बीएस. बिंद्रा और पूर्व निगम सदस्य जसबीर सिंह जस्सी को सदस्य मनोनीत किया गया जबकि बराडा नगरपालिका समिति के लिए बलजिंदर सिंह और सोहन लाल प्रजापत को सदस्य बनाया गया। जबकि नारायणगढ़ नगरपालिका के लिए सुरजीत सिंह और संजीव कौशिक को सदस्य मनोनीत किया गया। बराड़ा व अंबाला सदर नगर परिषद के लिए कुछ महीने पहले ही चुनाव हुए थे जबकि नारायणगढ़ नगरपालिका के चुनाव काफी समय पहले हो चुके हैं। हालांकि यहां किसी नए सदस्य को शहरी निकाय विभाग की ओर से मनोनीत नहीं किया गया था। तीनों जगह सदस्यों के मनोनीत होने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोश के साथ उनका अभिनंदन किया। बता दें कि संविधान के अनुच्छेद 243 (आर) के अनुसार बल्कि हरियाणा नगर निगम कानून, 1994, जो प्रदेश की सभी नगर निगमों पर लागू होता है की धारा 4 और हरियाणा नगरपालिका कानून 1973, जो प्रदेश की सभी नगरपालिका परिषदों एवं नगरपालिका समितियों पर लागू होता है की धारा 9 में प्रदेश सरकार द्वारा सम्बंधित नगर निकायों में उन व्यक्तियों को ही सदस्य के रूप में मनोनीत करने का उल्लेख है जो नगरपालिका प्रशासन में विशेष ज्ञान या अनुभव रखते हो। नगर निगम और नगरपालिका परिषद में अधिकतम 3 जबकि नगरपालिका में अधिकतम 2 सदस्यों को राज्य सरकार द्वारा मनोनीत किया जा सकता है। हालांकि वास्तविकता यह है कि प्रदेश सरकार म्युनिसिपल प्रशासन में विशेषज्ञों के स्थान पर सत्तारूढ़ पार्टी के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं को ही सदस्य मनोनीत करती है। कई बार तो नगर निकाय के संपन्न हुए आम चुनावों में सत्ताधारी पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ पराजित हुए उम्मीदवारों को या जिन पार्टी कार्यकर्ताओं को चुनाव में टिकट नहीं मिल सकी थी को भी सदस्य मनोनीत कर नगर निकाय में समायोजित कर दिया जाता है।

## पूर्व निगम सदस्य जस्सी को मिली जगह

### मंत्री विज से सदस्यों ने लिया आशीर्वाद

अंबाला। परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज से बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने गुरू पूर्णिमा के अवसर पर आशीर्वाद लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाएं एवं गुलदस्ते भेंट किए। विज ने खुशहाली की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि गुरु हमें सही दिशा दिखाते हैं और जीवन को सार्थक बनाते हैं। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर नगर परिषद में नवनियुक्त मनोनित सदस्य जसबीर सिंह जस्सी, बीएस बिंद्रा और मदनलाल शर्मा ने विज से आशीर्वाद लिया। पहले नगर परिषद चुनाव में 32 में से 25 सदस्य भाजपा के विजयी हुए थे। नवनियुक्त मनोनीत सदस्यों की शपथ कल 11 जुलाई को नगर परिषद खुखरैन भवन में प्रातः 11 बजे होने वाली मीटिंग में दिलवाई जाएगी।



### न चुनाव लड़ने, न वोट का अधिकार

म्यूनिसिपल एक्ट के जानकार एडवोकेट हेमंत कुमार बताया की नगर निकाय में मनोनीत सदस्य सदन की किसी भी बैठक चाहे सामान्य या विशेष में वोट नहीं डाल सकते हैं। यही नहीं कानूनन वह सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव भी नहीं लड़ सकते हैं। चूंकि मनोनीत सदस्यों को वोटिंग अधिकार नहीं होता इसलिए उनके नगर निगम की विभिन्न कमेटियों (समितियों ) का सदस्य भी नहीं बनाया जा सकता है। नगर निगम कानून और उनके अंतर्गत बनाए निर्वाचन नियमों में मनोनीत सदस्यों की शपथग्रहण का भी कोई प्रावधान या उल्लेख नहीं है। इस संबंध में विभाग के प्रशासनिक सचिव या आयुक्त एवं सचिव द्वारा जारी एवं सरकारी गजट में प्रकाशित गजट नोटिफिकेशन ही पर्याप्त होती है। नगर निगम में मनोनीत सदस्य को प्रतिमाह 15 हज़ार रुपये, नगरपालिका परिषद में मनोनीत सदस्य को प्रतिमाह 12 हज़ार रपये जबकि नगरपालिका समिति में मनोनीत सदस्य को प्रतिमाह 8 हज़ार रुपये मानदेय प्राप्त होता है। इस संबंध में सारा व्यय ( खर्चा) हरियाणा सरकार के खजाने से नहीं बल्कि संबंधित नगर निकाय के फंड में से ही किया जाता है। बेशक नगर निकाय की प्रतिमाह बैठक हो या न हो लेकिन सभी पदाधिकारियों को हर महीने मानदेय की धनराशि अवश्य प्राप्त होती है।

## 8 सम्पत्ति मालिकों ने मौके पर 47 लाख 3 हजार 77 रुपये के सौंपे चेक

# नगर निगम ने छह सम्पत्ति कर डिफाल्टरों पर की कुर्की की कार्रवाई

निगम ने दो दिन में 1 करोड़ 40 लाख 87 हजार 77 रुपये प्रॉपर्टी टैक्स की रिकवरी की, डिफाल्टर संस्थानों पर कार्रवाई रहेगी जारी: निगमायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



सम्पत्ति कर डिफाल्टरों के विरूद्घ नगर निगम करनाल ने एक ओर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। गुरूवार को शहर की 6 वाणिज्यिक सम्पत्तियों पर कुर्की की कार्रवाई की गई। इन सम्पत्तियों पर 26 लाख 83 हजार 234 रुपये का सम्पत्ति कर लंबे समय से बकाया चला आ रहा था, जिस कारण यह डिफाल्टर की श्रेणी में थे। इन सम्पत्तियों को हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 की धारा 130 के तहत अटैच किया गया है। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी।

कार्रवाई की जानकारी देते उन्होंने बताया कि गुरूवार को 15 सम्पत्तियों को अटैच करने की कार्रवाई की जानी थी। इनमें से 6 को अटैच कर लिया गया है, जबकि 8 सम्पत्ति मालिकों ने अटैचमेंट की कार्रवाई से बचने के लिए मौके पर ही 47 लाख 3 हजार 77 रुपये की राशि के चेक टीम को सौंप दिए। इसके अतिरिक्त राम नगर की रेलवे लाईन के नजदीक एक पशु डेयरी, 4 लाख 18 हजार 100 रुपये प्रॉपर्टी टैक्स भरने के लिए एक दिन का समय मांगा है। अगर यह इस अवधि में सम्पत्ति कर अदा नहीं करता, तो इस पर भी कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

मच्छली पालन विभाग ने जमा करवाए 34 लाख रुपये- उन्होंने बताया कि उपरोक्त के अतिरिक्तमच्छली पालन विभाग करनाल कार्यालय द्वारा भी 34 लाख रुपये का सम्पत्ति कर जमा करवाया गया है।

इसके अतिरिक्त सेक्टर-32 स्थित एक सम्पत्ति मालिक द्वारा 13 लाख 70 हजार रुपये तथा सेक्टर-7 स्थित एक सम्पत्ति मालिक द्वारा 8 लाख 14 हजार रुपये सम्पत्ति कर जमा करवाया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा बुधवार को भी 38 लाख रुपये की प्रॉपर्टी टैक्स की रिकवरी की गई थी। इस प्रकार बुधवार और गुरूवार, दो दिनों को मिलाकर कुल 1 करोड़ 40 लाख 87 हजार 77 रुपये की प्रॉपर्टी टैक्स की रिकवरी की गई है, जिसमें से गुरूवार को 1 करोड़ 2 लाख 87 हजार 77 रुपये नगर निगम के खजाने में जमा हुए हैं।

इन सम्पत्तियों को किया कुर्क- कार्रवाई के दौरान 6 डिफाल्टर सम्पत्तियों की कुर्की की गई है। इनमें उचाना गांव की एक वाणिज्यिक सम्पत्ति 408259 रुपये, बलड़ी वाईपास चौक स्थित एक लकड़ी का टिम्बर 491667 रुपये, बसंत विहार गली नम्बर 13 के पास मिक्स यूज प्रॉपर्टी की 5 दुकान 410974 रुपये, नमस्ते चौक स्थित इंडियन मोटर्स 579773 रुपये, शिवाजी कॉलोनी स्थित एक कबाड़ दुकान 357836 रुपये तथा संधूजा वूड गैलरी 434725 रुपये है।

### सम्पति कर जमा नहीं कराने पर होगी निलामी

निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि यदि अटैचमेंट की गई सम्पत्तियों के मालिकों द्वारा नगर निगम में सम्पत्ति कर जमा नहीं करवाया जाता, तो उनकी सम्पत्तियों को नीलाम कर नगर निगम सम्पत्ति कर वसूल करेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान, पेट्रोल पम्प तथा अन्य वाणिज्यिक बकायादार संस्थान जल्द से जल्द अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाकर निश्चिंत हो जाएं। उन्होंने यह भी चेताया की कुर्की की गई सम्पत्तियों को अगर कोई व्यक्ति अतिक्रमण या किसी प्रकार की छेड़छाड़ करता है, तो उसके विरूद्घ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बकायादार संस्थानों से प्रॉपर्टी टैक्स रिकवरी की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

### कुछ ने मौके पर जमा किया टैक्स

इन सम्पति मालिकों ने मौके पर जमा करवाया प्रॉपर्टी टैक्स- अटैचमेंट कार्रवाई के दौरान 8 सम्पत्ति मालिकों ने मौके पर सम्पति कर जमा करवाया है। इनमें उचाना गांव स्थित एक टाईल फैक्ट्री 826926 रुपये, उचाना गांव में ही एक अन्य कमर्शियल प्रॉपर्टी 836234 रुपये, बसंत विहार उप्पल डेयरी 3 लाख 80 हजार रुपये, असंट टाऊन की एक प्रॉपर्टी 338107 रुपये, नमस्ते चौक स्थित एक प्रॉपर्टी 432516 रुपये, बुटा सिंह कॉलोनी पंवार मोटर्स 1040536 रुपये, मै. अनमोल एजेंसिस 491088 रुपये तथा नावल्टी रोड स्थित एक प्रॉपर्टी 357836 रुपये शामिल है। उन्होंने बताया कि सम्पति कर एकत्र करने को लेकर उपरोक्त सभी सम्पत्ति मालिकों को 2-2 नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद इन्हें व्यक्तिगत तौर पर जाकर अटैचमेंट का नोटिस भी जारी किया गया था, परंतु सम्पत्ति मालिकों के द्वारा इसे गम्भीरता से नहीं लिया गया, जिसके चलते अटैचमेंट की कार्रवाई गई। कार्रवाई को अंजाम देने के लिए उप निगम आयुक्त अभय सिंह को ड्यूटि मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था, जबकि क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर तथा प्रवर्तन दल में सहायक जितेन्द्र लिपिक, कर अधीक्षक सुनील कुमार, लिपिक हर्ष कुमार व प्रदीप कुमार तथा पुलिस फोर्स मौजूद रही।



यमुनानगर। सिविल अस्पताल में मिले व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई करती पुलिस।

## सिविल अस्पताल में बाथरूम में मिला व्यक्ति का शव

- छह जुलाई को अस्पताल में इलाज के लिए आया था मृतक
- अंदर से बंद था बाथरूम, पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को निकाला बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर के सिविल अस्पताल से वीरवार सुबह बाथरूम से एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान छछरौली निवासी 50 वर्षीय अजय के रूप में हुई। मृतक की जेब से उसका आधार कार्ड व छह जुलाई की अस्पताल की पर्ची बरामद हुई है। बाथरूम अंदर से बंद था। दुर्गंध होने पर अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर मृतक को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार सिविल अस्पताल के बाथरूम से आज सुबह दुर्गंध आ रही थी। बाथरूम अंदर से बंद था। सफाई कर्मचारी ने मामले की सूचना अस्पताल प्रशासन को दी। अधिकारियों ने इस बारे पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही रामपुरा पुलिस चौंकी प्रभारी सुनील टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल के बाथरूप का दरवाजा तोड़कर देखा तो अंदर एक व्यक्ति का शव पड़ा था। शव से दुर्गंध आ रही थी। जब मृतक की तलाशी ली गई तो उसके पास से आधार कार्ड व छह जुलाई की अस्पताल की एक पर्ची बरामद हुई। आधार कार्ड से मृतक ही पहचान छछरौली निवासी 50 वर्षीय अजय के रूप में हुई। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे।

### क्या कहते हैं जांच अधिकारी

*रामपुरा चौंकी इंचार्ज सुनील ने बताया कि मृतक से मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त हुई है। शव पूरी तरह से सड़ चुका था। शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।*

### दामाद ने साथियों संग ससुर पर चाकू से किया हमला

**यमुनानगर।** शहर के आईटीआई चौक के पास दामाद ने अपने दर्जनों साथियों के साथ मिलकर चाकू से अपने ससुर पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी की अपनी पत्नी के साथ नहीं बनती थी। उसका ससुर अपनी बेटी व बच्चों को लेकर अपने घर आ गया था। तैश में आकर आरोपी व्यक्ति ने साथियों के साथ अपने ससुर पर हमला किया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद एक आरोपी को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार यमुनानगर निवासी भोलानाथ ने बताया कि उसकी आईटीआई के नजदीक अगरबत्ती की दुकान है। उसने अपनी बेटी की शादी मुलाना निवासी ऋषिपाल के साथ की थी। उनके पास दो बच्चे हैं। उसकी बेटी को ससुराल में काफी दिनों से परेशान किया जा रहा है। मंगलवार रात को भी उसके दामाद ने बेटी के साथ मारपीट की। सुबह उसकी बेटी ने फोन करके उसे घटना के बारे में बताया।

## बपौली में चल रही थी मिठाई बनाने की अवैध फैक्टरी, सीएम फ्लाइंग ने किया भंडाफोड़



शहजादपुर। अवैध फैक्टरी में पकड़े गए रसगुल्ले व गुलाब जामुन।

- संचालकों के पास नहीं मिला कोई लाइसेंस, जांच टीम ने मिठाइयों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

सीएम फ्लाइंग ने गांव बपौली गांव के एक मकान में मिठाइयां बनाने की अवैध रूप से चल रही फैक्टरी का भंडाफोड किया है। टीम ने जब दबिश दी तो खुले में ही रसगुल्ले, गुलाब जामुन, पनीर आदि के टब भरे पड़े थे। सभी पर मक्खियां भिनभिना रही थी। उनको ढका तक नहीं गया था। टीम ने सभी के सैंपल भरकर जांच के लिए भेजे। सीएम फ्लाइंग की टीम ने यह दबिश फूड सेफ्टी ऑफिसर के साथ सुबह 6 बजे दी गई थी। जांच टीम ने ने जब मिठाईयां बनाने से जुड़ा लाइसेंस मांगा तो वो भी नहीं मिला था। सैंपल आने तक फैक्टरी को बंद करवाया दिया गया है। सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उसके उपरांत टीम ने एक पुराने मामले की जांच करते हुए मुलाना के धन्यौड़ा गांव में भी गुड़ व चक्कर बनाने वाली फैक्टरी में दबिश देकर उनका रिकॉर्ड खंगाला।

### लाभ का लालच देकर व्यक्ति से ठगे पांच लाख 83 हजार रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने टास्क पूरा कर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर शहर के शर्मा गार्डन निवासी प्रतीक वर्मा से पांच लाख 83 हजार रुपये ठग लिए। जब उसने अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर के शर्मा गार्डन निवासी प्रतीक वर्मा ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत तीन मई को उसके मोबाइल पर एक लिंक आया। जब उसने लिंक पर क्लिक किया तो वह टेलग्राम में एक ग्रुप से जुड़ गया। इसके बाद ठगों ने उससे टास्क पूरा करके अधिक लाभ कमाने का लालच दिया। पहले तो आरोपियों ने उसे आसान से टास्क दिए। जिनको उसने आसानी से पूरा कर लिया। आरोपियों ने टास्क पूरा करने के बाद उसे प्रोफिट के पैसे उसके अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद आरोपियों ने उसे पेड टास्क देने शुरू कर दिए।

## हल्की बारिश व बुंदाबांदी से दोपहर तक जनजीवन हुआ अस्तव्यस्त

# हल्की बारिश और बूंदाबांदी ने उमस से दिलाई राहत

- जिले में वीरवार को कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई तो कई स्थानों पर दोपहर तक रुक रुक कर हुई बुंदाबांदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में वीरवार को कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई और कई स्थानों पर दोपहर तक बुंदाबांदी होने और दिन भर आसमान में बादल छाए रहने से लोगों को मौसम में बनी उमस से राहत मिली। वहीं, हल्की बारिश होने से जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

वीरवार सुबह जिले के यमुनानगर समेत कई स्थानों पर कहीं हल्की तो कहीं बुंदाबांदी हुई। वहीं, दिन भर आसमान में बादल छाए रहे और दोपहर तक रुक रुक कर बुंदाबांदी होती रही। जिसकी वजह से लोगों की सड़कों पर आवाजाही कम रही। बुंदाबांदी होने से सड़कों पर कीचड़ बन गया। जिससे जनजीवन अस्तव्यस्त रहा। ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को हुई। जिन्हें सड़कों पर बुंदाबांदी ने कम उस पर बने कीचड़ के छींटों ने ज्यादा परेशान किया। खास बात यह रही कि दोपहर तक बुंदाबांदी होने से मौसम में बनी उमस से लोगों ने राहत की सांसल ली।



यमुनानगर। बारिश में भीगते हुए अपने गंतव्य पर जाते लोग।

### अगेती धान के लिए बुंदाबांदी लाभदायक

किसान प्रेम सिंह, सुधीर कुमार, सतविंद्र सिंह, गुरनाम सिंह, राजबीर, महेंद्र कुमार, सुरेश पाल व रामेश्वर आदि ने बताया कि वीरवार को जिले में हुई हल्की बारिश व बुंदाबांदी से धान की अगेती फसल को काफी लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि इस समय अगेती धान की फसल में ग्रोथ शुरु हो गई है। ऐसे समय में हल्की बारिश व बुंदाबांदी धान की फसल की गोभ में गिरने से बीमारियों से बचाव होता है और फसल की ग्रोथ में बढ़ोतरी होती है।

### सरस्वती नगर में हुई सर्वाधिक बारिश

वीरवार को जिले के सरस्वती नगर में 24 एमएम बारिश दर्ज की गई। वहीं, जगाधरी में 6 एमएम, व्यासपुर में 4 एमएम, रादौर व छछरौली में 19-19 एमएम, साढ़ौरा व प्रताप नगर में दस-दस एमएम बारिश दर्ज की गई।

### तापमान में आई गिरावट

वीरवार को जिले के कई स्थानों पर हुई हल्की बारिश और बुंदाबांदी के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान जिले का अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## खबर संक्षेप



### अवैध हथियार के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** पुलिस की क्राइम यूनिट सीआईए-1 टीम ने अवैध हथियार के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध देसी पिस्तौल 32 बौर व 2 रौंद बरामद किए है। मिली जानकारी के अनुसार क्राइम यूनिट सीआईए-1 की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर मुख्य सिपाही अमित कुमार की अध्यक्षता में नई अनाज मंडी, करनाल से आरोपी जॉनी निवासी मानपुरा बल्ला से एक अवैध देशी पिस्तौल 32 बौर व 2 रौंद सहित काबू किया गया। इस संबंध में अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी अवैध देसी पिस्तौल गांव में पुरानी रंजिश के चलते अपने बचाव के लिए उत्तर प्रदेश से लेकर आया था। जिसे आज अदालत के सम्मुख पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### यूरिया खाद के लिए धक्के खा रहे किसानः मेहला

**करनाल।** हरियाणा में किसानों को एक बार फिर खाद की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। हर वर्ष सीजन के दौरान डीएपी और यूरिया खाद के लिए किसानों भारी परेशानियां झेलनी पड़ती है। भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के प्रवक्ता बहादुर मेहला बलड़ी ने कहा कि हर सीजन की तरह इस खरीफ सीजन में भी डीएपी और यूरिया खाद के लिए किसान धक्के खा रहे हैं। जहां एक और धान की रोपाई जोरों शोरों से चल रही है। अन्य फसलों में भी खाद की बहुत जरूरत है, लेकिन किसानों को खाद नहीं मिल रही। खाद प्रयोग में नहीं लाई गई तो फसलों की ग्रोथ में कमी रहेगी। इसका सीधा असर फसल के उत्पादन में नजर आएगा। किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। बहादुर मेहला ने कहा कि खाद नहीं मिलने की मुख्य

### उत्तम औषधालय में गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई

**करनाल।** करनाल के सदर बाजार स्थित प्रसिद्ध उत्तम औषधालय में बुधवार को गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर गुरुदेव वैद्य देवेंद्र बत्रा जी का आशीर्वाद लिया और गुरु के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार व दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर स्थानीय संतजनों एवं आयुर्वेद के अनुयायियों ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि भारत की परंपरा में गुरु को ब्रह्मा, विष्णु, महेश के समान माना गया है। गुरु पूर्णिमा वह विशेष दिन है जब हम अपने जीवन में गुरुओं के योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

## शिष्यों ने गुरु को तिलक व पूजा अर्चना करके आशीर्वाद प्राप्त किया

# गुरु पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम में भक्तों को गुरु-शिष्य का महत्व बताया



**सतरावड़ी।** स्वामी अद्वैत स्वरूप महाराज जी प्रवचन करते हुए।




**तरावड़ी।** कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

आज नगर में गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पंजाबी धर्मशाला में गुरु पर्व का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गुरु के शिष्यों ने अपने गुरु को तिलक व पूजा अर्चना करके उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। पंजाबी धर्मशाला में पहुंचे महामंडलेश्वर स्वामी अद्वैत स्वरूप महाराज जी ने अपने प्रवचनों फरमाया कि गुरु का मार्गदर्शन हमें जीवन में आने वाली कठिनाइयों का सामना करने की शक्ति प्रदान करता है। उनका ज्ञान और उनका अनुभव हमें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि गुरु ना केवल हमें शिक्षा देते हैं बल्कि सही और गलत में अंतर करना भी सिखाते हैं तथा वह हमारे चरित्र सोच व्यवहार को सही दिशा में ले जाते हैं।

इसलिए गुरु का हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि गुरु हमें अनुशासन धैर्य ईमानदारी तथा कड़ी मेहनत का महत्व समझाते हैं तथा वह हमें आत्मनिर्भर बनाते हैं और हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाते हुए जीवन के हर पहलू में मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा एक अच्छा गुरु हमेशा अपने शिष्यों को सफलता के रास्ते पर ले जाता है तथा गुरु का साथ हमें जीवन के हर मुश्किल मोड पर सही निर्णय लेने के लिए भी मदद करता है गुरु के बिना ज्ञान प्राप्त नहीं हो सकता और गुरु हमें ज्ञान के अंधकार से बाहर निकाल कर ज्ञान का प्रकाश देते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम मे पहुंचे शिष्यों ने अपने गुरू की पूजा अर्चना करके उनका आर्शीवाद प्राप्त किया। अंत मे संगत ने भंडारा रूपी प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर शाहबाद, हिसार, उकलाना, करनाल व दूर दूर से गुरू जी के शिष्य गुलशन सेतिया, महेन्द्र गिरधर, सुभाष अनेजा, लक्ष्मन सेठी, भीम सचदेवा, बब्बू अनेजा, राजकुमार सचदेवा, रवि सरदाना, गणेश खन्ना, हंसराज पाहुजा, वेद कटारिया, संजय सेतिया सहित सैंकड़ो की सख्यां मे लोग पहुंचे थे।



**तरावड़ी।** कार्यक्रम मे भाग लेते गुरू परिवार के सदस्य व सम्मानित करते हुये शीशपाल गुप्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### बाबा बंसी वाले के गुरू परिवार द्वारा गुरू पूर्णिमा का कार्यक्रम का आयोजन

**तरावड़ी।** गुरु पूर्णिमा के पर्व पर अग्रवाल धर्मशाला में गुरु परिवार की ओर से बाबा बंसी वाले के शिष्यों ने अपने गुरु की महिमा का गुणगान किया एवं गुरु के बताए हुए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम मे बाबा जी के शिष्यों ने बाबा बंसी वाले जी की प्रतिमा तिलक करके पूजा अर्चना की। इस अवसर पर बाबा बंसी वाले जी के गुरु परिवार के अध्यक्ष शीशपाल गुप्ता ने कहा कि हमें आज भी प्राचीन ग्रंथो में गुरु महिमा का मार्मिक वर्णन मिलता है मूलत गुरु शब्द दो अक्षरों का मिलाकर बनाया गया है गुरु और रूप गू का अर्थ अंधकार और र का अर्थ अंधकार का हटाने वाला बताया गया है। गुरु को गुरु इसलिए कहा जाता है कि वह अंधकार को हटाकर प्रकाश की ओर ले जाने वाला ही गुरु कहा जाता है। गुरु वह है जो अज्ञान का निराकरण कर धर्म का मार्ग दिखाता है। गुरु और देवता में समानता के लिए एक श्लोक में कहा गया है कि जैसी भक्ति आवश्यकता देवता के लिए है वैसी ही गुरु के लिए भी है। बलिक सद्गुरु की कृपा से ईश्वर का साक्षात्कार भी संभव है। गुरु की कृपा के अभाव में कुछ भी संभव नहीं है। आज भारतवर्ष में गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़ी श्रद्धा व धूमधाम से मनाया जा रहा है इस अवसर पर गुरु प्रेमियों ने गुरु की महिमा का गुणगान किया और भंडारा रूपी प्रसाद का ग्रहण किया। इस अवसर पर गुरु परिवार के सदस्य उपस्थित थे



### गुरु पूर्णिमा पर भाजपाइयों ने किया संतों का सम्मान

**करनाल।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर संतो व महापुरुषों का सम्मान किया गया। इसी कड़ी में आज स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने अपनी टीम के साथ सेक्टर 14 स्थित श्री आनंदपुर कुटिया में संत कृष्णा बाई जी को अंग वस्त्र व पुष्प भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व उन्होंने कुटिया में सिंहासन पर विराजमान परम पूज्य गुरु महाराज जी के दिव्य स्वरूपों के चरणों में पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि संतों और गुरुओं से हमे आध्यात्मिक ज्ञान और जीवन की सच्ची शिक्षा मिलती है। संत हमे जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित करते है और हमें आध्यात्मिक मार्ग चलते हुए परमपिता परमात्मा को पाने का रास्ता दिखाते हैं।



### गुरु शिष्य परंपरा को जीवित रखने का दिन है व्यास पूर्णिमा

करनाल। महामंडलेश्वर, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी ने कहा है कि व्यास पूर्णिमा खुद को आकलन करने का पर्व हैं। इस दिन गुरु शिष्य के बीच रिश्तों के संकल्प का दिन हैं। महर्षि वेदव्यास को आदि गुरु कहा जाता हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के बीच हमारे लिए अपनी संस्कृति और चुनौतियों को बचाने की चुनौती हैं। उन्होंने कहा कि वह दिन शीघ्र आएगा जब लोकसभा और विधानसभाओं में महर्षि व्यास की तस्वीर लगेंगी। वह करनाल में कृष्ण कृपा धाम में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में उपस्थित धर्मालुओं को संबोधित कर रहे थे। आज सुबह छह बजे से ही गुरु पूजा का सिलसिला शुरू हो गया। हजारों लोगों ने गुरु स्वामी ज्ञानानंद जी के चरणों में पूजन किया। सुबह हवन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्वामी जी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा को शिष्य अपनी कृतज्ञता का समर्पण करता हैं। गुरु भी शिष्य को अपना आशीर्वाद देता हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र गौरव के लिए स्वदेशी और स्वावलंबन का ज्ञान होना चाहिए।

## गुरु के बिना ज्ञान अधूराः गुरशरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी




**तरावड़ी।** एसएमएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल के बच्चें कार्यक्रम मे भाग लेते हुए।

एसएमएस मैमोरियल पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल में इस दिन स्पेशल एसेंबली आयोजित की गई। स्कूल अध्यापिकाओं की ओर से बच्चों को इस दिन के महत्व के बारे में बताया गया। बच्चों ने भी अपने अध्यापकों के लिए सुंदर तरीके के साथ काड्र्स तैयार किए। विद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने छात्र छात्राओं को गुरु के महत्व को बताते हुए कहा कि -गुरु पूर्णिमा हमें यह याद दिलाता है कि गुरु के बिना ज्ञान अधूरा है। जैसे दीपक अंधेरे में रास्ता दिखाता है, वैसे ही गुरु जीवन में हमें सही दिशा दिखाते हैं। हमें चाहिए कि हम उनके बताए मार्ग पर चलें और जीवन में अच्छे इंसान बनें। गुरु पूर्णिमा का यह पर्व हमें विनम्रता और आभार का भाव सिखाता है। आज हम सभी अपने-अपने गुरुओं को नमन करते हुए यह संकल्प लें कि हम जीवन में सीखते रहेंगे, आगे बढ़ते रहेंगे, और अपने गुरुओं के आदर्शों को कभी नहीं भूलेंगे। शिक्षकों द्वारा विद्यालय में गुरु शिष्य से संबंधित प्रेरक कथाएं सुनाई गई। विद्यालय के प्रबंधक गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में गुरु का बहुत महत्वपूर्ण स्थान होता है। गुरु हमें न केवल शिक्षा देते हैं, बल्कि सही और गलत में अंतर करना भी सिखाते हैं।

### ऑनलाइन ट्रांसफर पर स्थिति साफ करे सरकार

**करनाल।** शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति,हरियाणा ने शिक्षा मंत्री और शिक्षा विभाग हरियाणा से सीधी मांग की कि शिक्षकों के ऑनलाइन ट्रांसफर पर स्थिति पूर्णतया साफ की जाए क्योंकि जिस तरह से ट्रांसफर पर सब कुछ चल रहा है,उससे न केवल असमंजसता की स्थिति बनी हुई है बल्कि शिक्षकों का मानसिक शोषण भी हो रहा है क्योंकि हर वक्त उनके दिमाग में ट्रांसफर बारे कुछ न कुछ चलता रहता है और निसन्देह स्तिथि साफ न होने के कारण विभाग की भी छवि धूमिल हो रही है। उपरोक्त मांग समिति के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण और राज्य प्रवक्ता ऋषिराज नरवाल ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से की।

## रेडक्रॉस भवन में किया पौधरोपण

- गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए स्वच्छ भारत मिशन के वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



**करनाल।** रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर मलिक पौधारोपित करते हुए।

जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में वीरवार को रेड क्रॉस भवन में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। इस दौरान प्राथमिक चिकित्सा की ट्रेनिंग ले रहे छात्र छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया की पेड़ पौधे हमारे जीवन के लिए जरूरी है। उन्होंने बताया कि पौधारोपण, यानी पेड़ लगाना, पर्यावरण को स्वस्थ और हरा-भरा रखने का एक महत्वपूर्ण कार्य है। यह न केवल वायु को शुद्ध करता है, बल्कि जलवायु परिवर्तन को कम करने और प्राकृतिक संसाधनों को बचाने में भी मदद करता है। दिन प्रतिदिन बढ़ते प्रदूषण से हमारी जलवायु प्रदूषित हो रही है। जिसका हमारे स्वास्थ पर सीधा असर पड़ रहा है। अगर पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हमारा जीवन सुरक्षित रहेगा। इस अवसर पर रेडक्रॉस कार्यालय व टारगेट इंटरवेंशन प्रोजेक्ट के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



### इंद्री के रोजगार मेले में 100 युवाओं का चयन

**इंद्री।** उपमंडल रोजगार कार्यालय इंद्री द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। सहायक रोजगार अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि इस रोजगार मेले में 150 प्रार्थियों ने भाग लिया, जिसमें से 100 प्रार्थियों का चयन आगामी कार्यवाही के लिए किया गया। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में पुखराज हेल्थ केयर, राम्या हेल्थ केयर, भारत फाइनेंस, मॉडर्न डेयरी करनाल व एलआईसी सहित 5 कंपनियों ने विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार किया। सहायक रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार विभाग द्वारा समय-समय पर निजी सेक्टरों में प्रार्थियों को समायोजित करवाने के लिए जॉब फेयर व प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार सरकारी नौकरियों के अतिरिक्त निजी क्षेत्र में नौकरियां तथा रोजगार के लिए विभिन्न अवसर उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन करके ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएगें।

## शिक्षा ही सफलता की कुंजी हैः राजीव

- भारत विकास परिषद ने स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी



**तरावड़ी।** कार्यक्रम मे भाग लेते हुए स्कूल के बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी द्वारा स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर तरावड़ी के प्राइमरी स्कूल के बच्चों को पुस्तके, कापी, स्टेशनरी व अन्य उपहार देकर मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पंजाबी सभा के प्रधान राजीव नारंग ने बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए कहा कि आज के समय में शिक्षा कितनी जरूरी है। आज की शिक्षा से ही ही कोई बच्चा अफसर इंजीनियर बन सकता है। आप देश की धरोहर है देश का भविष्य है आप सब मन लगाकर अपनी शिक्षा ग्रहण करें और अपने माता-पिता वह स्कूल का नाम रोशन करें। शिक्षा ही सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर शाखा के अध्यक्ष योगेश मिडडा ने भी समाजसेवियों के बारे में वर्णन करते हुए कहा कि भारत विकास परिषद शहर के लोगों के सहयोग से शहर में सामाजिक कार्य करते हुए अग्रसर हो रही है। इस अवसर पर परिषद के सचिव ने राकेश हंस ने शिक्षा के बारे में बच्चों को विस्तार पूर्वक समझाया और कहा कि जो बच्चे पर लिखकर आगे निकलते हैं वह अपने देश का अपने स्कूल का अपने मां-बाप का नाम रोशन करते हैं।



### बाबा बंसी वाले परिवार की ओर से गुरु पूर्णिमा पर हवन

**इंद्री।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बाबा बंसी वाले परिवार की ओर से देवी मंदिर इंद्री मे क्षेत्र के लोगों की सुख समृद्धि के लिए हवन, यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की। कार्यक्रम में बाबा बंसी वाले के जयकारे लगते रहे। आचार्य मोहित शर्मा ने हवन, यज्ञ करवा कर गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला। यजमान के रूप में वासु गोयल ने पूजा करवाई। बाबा बंसी वाले के शिष्यों ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर ब्रह्मलीन बाबा बंसी वाले के आशीर्वाद से हर वर्ष की भांति इस बार भी देवी मंदिर इंद्री में हवन, यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे मे काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम मे यशवनी गर्ग, निष्पाल गर्ग, नरेश गर्ग, सूरज कांबोज, सिद्धार्थ शर्मा, सोहन जिंदल, देशराज सिंगला, जगदीश मित्तल, सुभाष बंसल व जगदीश गोयल सहित काफी संख्या में गुरु परिवार के सदस्य मौजूद रहें।

## गांव के वैभव में भारत का परम वैभव निहित : डॉ. चौहान

- पंचायत समिति सदस्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का पहला दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नीलोखेड़ी



आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में पंचायती राज संस्थाओं और उनके निर्वाचित प्रतिनिधियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। भारत की आबादी का सबसे बड़ा हिस्सा ग्रामीण अंचल में बसता है।ग्राम्य भारत के उत्थान में ही भारत का परम वैभव निहित है। हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ.वीरेन्द्र सिंह चौहान ने यहाँ पंचायत समिति सदस्यों और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। वह राजीव गांधी पंचायती राज एवं सामुदायिक विकास संस्थान के तत्वावधान में आयोजित जनप्रतिनिधियों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। सत्र की अध्यक्षता संस्थान की प्रधानाचार्य डॉक्टर सोनिका भट्टी ने की। डॉ. चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में ग्राम विकास के क्षेत्र में भी नए प्रतिमान स्थापित किए जा रहे हैं। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र में पूरे मनोयोग से कार्य करते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के साथ साथ जॉन समस्याओं के निवारण में भी सक्रिय भूमिका अदा करनी चाहिए।निर्वाचित जनप्रतिनिधि हर क़दम पर ही समाधान और निदान का प्रतीक बन कर जनता द्वारा उनमे जताए गए विश्वास रूपी देनदारी के प्रति कृतज्ञता जताने का स्वभाव को विकसित करें। राजीव गांधी राज्य पंचायती राज एवं सामुदायिक विकास संस्थान के दो दिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग प्रोग्राम में पानीपत व हांसी के पंचायत समिति के सदस्यों ने भाग लिया।

### गांव गुढा में गुरु ब्रह्मानंद आश्रम में 12 लाख से बनेगा हाल

## विधानसभा अध्यक्ष ने किया गुढ़ा व कोहड मे 1 करोड़ 62 लाख के विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा



हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने गुरुवार को घरौंडा हलके के गांव गुढा और कोहंड में करीब 1 करोड़ 62 लाख रुपए के विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया। उन्होंने कोहंड के पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा की बधाई देते हुए उन्हें महापुरुषों के श्रेष्ठ विचारों का अनुसरण करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया

विधानसभा अध्यक्ष नें गांव गुढा में गुरु ब्रह्मानंद आश्रम में 12 लाख रुपए की लागत से बनने वाले हाल, 6.48 रुपए की लागत से पशु अस्पताल में बनने वाले कमरे, 4.50 रुपए की लागत से बनने वाली ब्राह्मण चौपाल की चारदीवारी का शिलान्यास किया। इसके अलावा हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से 26.3 लाख रुपए की लागत से गांव के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनवाए जाने वाले तीन कमरों की भी आधारशिला रखी। इन कमरों का निर्माण कार्य अगले साल 14 जून तक पूरा किया जाना है। उन्होंने इसी गांव में मुख्य सड़क से पंचायत सदस्य संजीव के खेत तक बनाए गए रास्ते का उद्घाटन किया। नौ किला लंबे इस रास्ते पर 12.25 लाख रुपए खर्च हुए हैं।

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कोहंड के पीएम श्री स्कूल में वॉलीबॉल कोर्ट का उद्घाटन किया। कुछ देर के लिए वॉलीबॉल पर हाथ आजमाएं। साथ ही स्कूल की खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत किए गए खेल का लुत्फ भी उठाया। उन्होंने स्कूल परिसर में नीम, पीपल व बड़ के पौधे (त्रिवेणी) भी लगाए। इस मौके पर प्रिंसिपल सुषमा गोयल, बीईओ रविंद्र कुमार व अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर छात्रा कुसुम ने हरियाणवी लोक नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर एसडीएम राजेश सोनी, डीएसपी मनोज कुमार, एक्सईएन परविंन्द्र, एसडीओ वीरेंद्र सिंह, जेई निशांत राणा, बाबूराम आदि मौजूद रहे।

### सरकारी योजनाओं की जानकारी दी

गरीबों का जीवन सरल बनाने के लिए सरकार भी लगातार नई-नई योजनाओं को क्रियान्वित कर रही है। इस मौके पर उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की जीवनी पर भी प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को महापुरुषों की जीवनी पढ़नी चाहिए और उनके विचारों को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। मेहनत और कड़े परिश्रम से लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्हें खुशी है कि कोहंड के 113 युवक मेहनत के बल पर मेरिट के आधार पर नौकरी प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप



### लंबित मामले सुलझाने के लिए अभियान : वर्षा

**पानीपत।** नागरिकों को सरल व सुलभ न्याय सुनिश्चित करने और अदालतों में लंबित मामलों का बोझ कम करने के लिए 30 सितंबर तक राष्ट्रव्यापी जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसका नाम राष्ट्र के लिए मध्यस्थता रखा गया है। अभियान को सफल बनाने के लिए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव वर्षा शर्मा ने पानीपत मध्यस्थता केंद्र के मध्यस्थकरों के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की। सीजेएम वर्षा शर्मा ने बताया कि यह 90 दिन का अभियान है, जिसका उद्देश्य वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देना है।

### एसपी ने साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने व आमजन को साइबर अपराध के विरूद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे सोशल मीडिया अकाउंट पर मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करें। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि आज के दौर में तमाम तरह के वित्तीय लेन देन मोबाइल के माध्यम से हो रहे हैं। कमजोर पासवर्ड होने की वजह से भी हम कई बार साइबर अपराध का शिकार हो जाते हैं।

### भाजपा की जिला सचिव बनी भावना जैन



**पानीपत।** भावना जैन को भाजपा की पानीपत इकाई का नया जिला सचिव नियुक्त किया गया है। इस जिम्मेदारी को संभालने के बाद भावना जैन ने आज पूर्व सांसद संजय भाटिया, शहर के विधायक प्रमोद विज, जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट और प्रदेश महामंत्री डॉ.अर्चना गुप्ता से आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं भावना जैन ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि वह पार्टी द्वारा दी गई इस नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और लगन से निभाएंगी।

### जिला प्रवक्ता बनने पर वेद पराशर का अभिनंदन

**पानीपत।** भाजपा की जिला के कार्यकारिणी में अवध धाम के अध्यक्ष दाऊजी महाराज के पुत्र वेद पाराशर को एक बार फिर जिला प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई है। जिसके बाद आज वेद पाराशर का नगर में कई स्थानों पर नागरिक अभिनंदन किया गया। जिसमें वार्ड 11 से पार्षद अंजना प्रीतम गुर्जर ने अपने साथियों सहित, वार्ड 17 से पार्षद सुरेंद्र रजनी गर्ग ने अपने कार्यालय में वेद पाराशर का अभिनंदन किया। इस अवसर पर सुरेंद गर्ग, प्रीतम गुर्जर, मुकेश बॉस, पार्षद रॉकी गहलोत,अमित मक्कड़, वीरेंद्र शर्मा, बलबीर शर्मा, सुमित मित्तल, महामंत्री सुनील कंसल, राजेंद्र शर्मा, राजेश भारद्वाज, स्वामी नरेशानंद महाराज, मुनीश जैन, भावना जैन व संतोष आदि मौजूद रहे।

### विक्टर स्कूल में मना गुरु पूर्णिमा उत्सव




**पानीपत।** तहसील कैंप स्थित विक्टर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रियंका बठला ने गुरु के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं छात्राओं पीहू, परी और गुरप द्वारा सारे तीर्थ धाम आपके चरणों में गुरु वंदना प्रस्तुत की। कीर्ति, हिमानी, सोनम और जैस्मिन ने द्रोणाचार्य और एकलव्य नामक लघु नाटिका प्रस्तुत की। सुहानी ने गुरु के महत्व पर कविता प्रस्तुत की। अध्यापिका दीप्ति द्वारा गुरु वचनों को रखना संभाल के भजन प्रस्तुत किया। मैनेजर विक्रम गांधी ने छात्रों को गुरु के प्रति समर्पण भावना पर विचारों को प्रस्तुत करते हुए उन्हें गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी।

## बेटियों और महिलाओं का हित सर्वोपरि : महीपाल

शिक्षा मंत्री ने ली प्रशासन और ग्राम पंचायत सदस्यों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने आज पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में सिवाह गांव के महिला एवं बाल विकास विभाग के स्किल ट्रेनिंग सेंटर के मामले को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों, महिला एवं बाल विकास विभाग और ग्राम पंचायत सरपंच और मेंबर के साथ बैठक की।

- स्किल ट्रेनिंग सेंटर को लेकर ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे विरोध पर बीच का रास्ता

बैठक में उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने मजबूती के साथ विभाग के स्किल ट्रेनिंग सेंटर को लेकर ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे विरोध पर बीच का रास्ता निकलने के निर्देश दिए। मंत्री महीपाल ढांडा ने सभी का पक्ष सुना और कहा कि हमे गांव व आसपास के गांव की महिलाओं के हित में सोचना चाहिए। उपायुक्त ने 15 दिन बाद अगली बैठक के निर्देश ग्रामीणों और विभाग के अधिकारियों को दिए। उपायुक्त ने कहा कि सरकार बेटियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास कर रही है। मंत्री ने जिला परिषद सीईओ को स्किल सेंटर का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचकूला की संयुक्त निदेशक पूनम रमन ने मंत्री को बताया कि स्किल सेंटर में कंप्यूटर सेंटर, ट्रेनिंग सेंटर, जिम, लाइब्रेरी व योग का प्रशिक्षण महिलाओं को दिया जाएगा। कई महिलाएं ऐसी हैं जिन्हें तीन-तीन महीने की व कई प्रोग्राम ऐसे हैं जिसमें 6-6 महीने की और साल भर की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। ट्रेनिंग के साथ-साथ उनके ठहरने की व्यवस्था भी केंद्र में होगी। उन्होंने स्किल केंद्र में गांव की महिलाओं को ट्रेनिंग में प्राथमिकता देने की भी बात की। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा 4.50 करोड़ की लागत से भवन को पंचायत की जमीन पर खड़ा किया गया है। लेकिन पिछले 2 साल से इसमें ट्रेनिंग नहीं हो पा रही क्योंकि गांव के लोगों द्वारा उन्हें विरोध का सामना करना पड़ रहा है। कंप्यूटर भी आ चुके हैं। सरपंच रणदीप ने मंत्री के सामने गांव वालों की बात रखी।



**पानीपत।** स्किल केंद्र के मामले को लेकर शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, ग्रामीणों व अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

उन्होंने कहा कि ग्रामवासी इस सौदा मनी केंद्र के ग्राउंड फ्लोर को गरीबों के लिए शादी विवाह केंद्र के रूप में इस्तेमाल करना चाहते हैं। पिछली पंचायत ने इसका प्रस्ताव भी पारित किया था। मंत्री ने उनकी बात को ध्यानपूर्वक सुना व इस पर सभी को पुनः विचार करने के लिए कहा। ग्राम पंचायत गांव के कुछ मौजूद लोगों ने यह भी कहा कि अगर सरकार उन्हें अलग समुदाय केंद्र बना देती है तो इस समस्या का समाधान निकल सकता है। लेकिन कई ग्रामीण इस पर पुरानी बात पर अड़े रहे की वे स्किल केंद्र की नीचे के फ्लोर को नही छोडन्ना चाहते। उपायुक्त डॉ.विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि लड़कियों की सुरक्षा जरूरी है। लड़कियों की हिफाजत करना हमारी प्राथमिकता है। वे सरकार से अलग से गांव में समुदाय केंद्र बनाने की सिफारिश भी करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि इस स्किल केंद्र से गांव और आसपास की महिलाओं, विधवाओं को लाभ भी मिलेगा और वे आत्म निर्भर होंगी। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने बेटियों और महिलाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस पर पुनः विचार करने व ग्रामीणों और बाल विकास विभाग को गंभीरता से विचार विमर्श कर फैसला करने की निर्देश दिए। इस मौके पर ग्रामीणों ने दीवाना कट के पास रोजाना दुर्घटना होने की बात मंत्री के समक्ष रखी। उपायुक्त ने उनकी मांग को जायज बताते हुए अगली सडक़ सुरक्षा वाहन बैठक में शामिल करने के लिए पुलिस विभाग को निर्देश दिए।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, सीईओ डॉक्टर किरण, डीडीपीओ राजेश शर्मा, पुलिस उप अधीक्षक ट्रैफिक सुरेश सैनी, डीपीओ परमिंदर कौर, बीडीपीओ शक्ति सिंह के अलावा कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बेटियों-दिव्यांगजनों की शादी में सहयोग कर रही सरकार



**पानीपत।** गांव कुराना में मंत्री कृष्ण लाल पंवार को सम्मानित करते ग्रामीण ।

- कुराना की दक्ष प्रजापति धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री कृष्ण पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने आज गांव कुराना की दक्ष प्रजापति धर्मशाला में गुरु पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि पूरे प्रदेश में सम्मान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं और इसको लेकर कोई भी कोताही नहीं बरती जाएगी।

प्रदेश सरकार की नजर में हर व्यक्ति समान है और बिना भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। पंवार ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है।

कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि केंद्र और राज्य की सरकार प्राकृतिक कृषि और देसी गाय के पालन/संवर्धन के प्रति प्रतिबद्धता से काम कर रही हैं। यह दोनों कार्य एक दूसरे के साथ जुड़े हुए हैं।

किसान और पशुपालक कृषि को रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों के माध्यम से आने वाले जहर से मुक्त कर अपना और अपनी आने वाली पीढ़ी का जीवन रोग मुक्त करना चाहते हैं तो उन्हें इस दिशा में कदम बढ़ाने ही होंगे।

## गढ़ी छाजु में हवन व भंडारे का आयोजन



**समालखा।** भंडारे में प्रसाद वितरित करते हुए ठेकेदार पवन ।

- शिव मंदिर में गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

गांव गढ़ी छाजु के शिव मंदिर में आज गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में बाबा शक्ति दास महाराज के नेतृत्व में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

महंत बाबा शक्ति दास महाराज ने वैदिक मंत्रो के साथ हवन यज्ञ की रस्म संपन करवाई। ग्रामीणों ने भजनों के माध्यम से शिव शंकर महादेव की महिमा का गुणगान किया।

बाबा शक्ति दास महाराज ने कहा कि भगवान की भक्ति से आत्मा को शांति मिलती है। उन्होंने बताया कि शिष्य के जीवन में गुरु पूर्णिमा के दिन का बड़ा महत्व होता है। इस दिन साधक अपने-अपने गुरूजन का पूजन करते हैं। पवन ठेकेदार ने सभी सहयोगियों का आभार जताया।

इस अवसर पर सरपंच रविन्द्र उर्फ सुधा, नरेश, रघबीर, चाँद, दलबीर, आजाद, बबला, पप्पा, राममेहर, विनीता, पुष्पा, रोशनी, बीरमाती व संतोष आदि मौजूद रहे।

## गुरू पुर्णिमा पर शोभायात्रा निकाली

- ब्रह्म दरबार मुजफ्फरनगर में सत्संग समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री सतगुरु रामरतन पारब्रह्म दरबार ट्रस्ट द्वारा आज गुरु पूर्णिमा पर श्री सतगुरु राम रतन पार ब्रह्म दरबार मुजफ्फरनगर में सत्संग समारोह का आयोजन किया गया।

इससे पूर्व श्री सदगुरु महाराज की शोभायात्रा का पूजन नारियल तोडक़र पानीपत से पधारे मुख्य अतिथि हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनोद पांचाल, श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के प्रधान ईसम पांचाल, श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के वाइस चेयरमैन सोमपाल फोरमैन, निजानंद आश्रम शेरपुर ट्रस्ट के प्रबंधक एवं सचिव राजकुमार पालीवाल, मुजफ्फरनगर चेयरपर्सन मीनाक्षी गौरव स्वरूप, पत्रकार मोहनलाल पांचाल, पार्षद कोमल पांचाल, जगदीश पांचाल पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री मनोज पांचाल, श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा के प्रबंधक राजकुमार पांचाल माजरी वाले द्वारा किया गया। शोभायात्रा सरोज पैलेस रामपुरी से प्रारंभ होकर फ्रेंड्स कॉलोनी आदि स्थानों से होती हुई वापसी सरोज पैलेस में ही संपन्न हुई।




**पानीपत।** सतगुरु राम रतन पार ब्रह्म दरबार में मत्था टेकते हुए अतिथिगण।

शोभायात्रा में अनेक सुंदर झांकियां सद्गुरु देवचंद जी, श्री प्राणनाथ जी, श्री महाराज जय छत्रसाल जी, बिहारी लाल जी, सतगुरु राज नारायण जी व राधा कृष्ण की झांकिया प्रमुख रूप से शामिल रही। वहीं सत्संग आचार्य राकेश पांचाल द्वारा करते हुए गुरू की महिमा पर प्रकाश डाला गया। शोभायात्रा में श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के जिला प्रधान विपिन पांचाल, नंदकिशोर पांचाल, महीपाल पांचाल मंसूरपुर, देशपाल पांचाल, दिनेश गुप्ता, इंदू धीमान, आदेश, हरिद्वार, नत्थन सिंह पाल, सुनील त्यागी, समय सिंह पाल, बृजमोहन त्यागी, विजेंद्र पांचाल, वीरेंद्र नामदेव, विजेंद्र करनाल, उषा त्यागी, पूजा प्रणामी, नेहा प्रणामी, कौशल, नरेश, अंगूरी प्रणामी, रजनी त्यागी, सुचेता त्यागी, कुसुम धीमान, विदेश शर्मा, नवीन प्रणामी, सुमन त्यागी, जितेंद्र प्रणामी, मुनेश पांचाल, किरण कुमार प्रणामी, गौरव सौरव पांचाल, बबलू प्रणामी, आदेश पांचाल, मनोज पांचाल, देवेंद्र पटवा, ममता त्यागी, अरुण प्रणामी, सुमित प्रणामी, नितिन राज प्रणामी, राकेश त्यागी, सत कुमार प्रणामी, सोनिया त्यागी प्रणामी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### आर्य गर्ल्स स्कूल में करवाई भाषण प्रतियोगिता



**पानीपत।** आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल में हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के चारों सदनों के कुल 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पत्रकारिता, दिशाहीन युवा, मीडिया, वृक्ष बचाओ, ऑनलाइन खरीददारी, सुनीता विलियम्स, भारतीय संस्कृति, महंगाई आदि विषयों पर छात्राओं ने अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल द्वारा किए निर्णय के अनुसार प्रथम स्थान टैगोर सदन, द्वितीय स्थान विवेकानंद सदन तथा तृतीय स्थान दयानंद सदन को प्राप्त हुआ। सर्वश्रेष्ठ वक्ताओं की श्रेणी में प्रथम स्थान पर विवेकानंद सदन की अन्वी, द्वितीय टैगोर सदन की एकांक्षी और तृतीय स्थान पर टैगोर सदन की हर्षिता रही। प्रधानाचार्या मीनाक्षी अरोड़ा एवं उपप्रधानाचार्या अनुभा गुप्ता ने सभी छात्राओं को बधाई दी।

### कलयुग में भगवान की सूरत है गुरु : बीके सुमन



**पानीपत।** गुरु पूर्णिमा पर आज हरी बाग कॉलोनी स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सुमन द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। गुरु पूर्णिमा पर बोलते हुए बीके सुमन ने बताया की गुरु वह है जो सत्य का ज्ञान करा दे, मन को मोडक़र, बुराइयों को छोडक़र भगवान का ध्यान करा दे। वही सच्चा मार्गदर्शक और वही हमारा परम सतगुरु है। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संचलिका केंद्र सेक्टर 25 हुडा ब्रह्माकुमारी अंजना ने कहा कि गुरु की कृपा से ही ज्ञान का प्रकाश होता है। गुरु की सीख, जीवन का आधार है। गुरु की वाणी भवसागर से पार है।

### गुरु और शिष्य का रिश्ता सबसे पवित्र : शर्मा



**पानीपत।** गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आज सुखदेव नगर पार्क की किसान प्रभारी व योग टीचर रामपाल शर्मा द्वारा संचालित योगा क्लास में योग साधकों ने उन्हें अपना योग गुरू मानते हुए सम्मानित किया। वहीं भविष्य में संकल्प लिया के हम प्रतिदिन जोग जरूर किया करेंगे। वहीं रामपाल शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार से इंसान किसी को अपना गुरू मानकर उसपर विश्वास कर हर काम करता है, उसी प्रकार गुरू को भी उसके भले-बुरे का ध्यान रखना चाहिए। गुरू और शिष्य का रिश्ता सबसे पवित्र व मजबूत होता है। इस अवसर पर नीरू जैन, सोनिया सरदाना, सुनीता खुराना, सुरेश जैन, जियालाल जैन, नरेश गंभीर, संजय मल्होत्रा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों को किया सम्मानित



**पानीपत।** एवन पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के नवनियुक्त जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य रहे। बच्चों द्वारा गुरु महिमा पर प्रस्तुतियां दी गई। मुख्य अतिथि ओमदत्त आर्य ने कहा कि हर विद्यार्थी को गुरुजन का सम्मान करना चाहिए। प्राचार्य राजेश बतरा ने बताया कि ईश्वर के बाद दूसरे स्थान पर गुरु का दर्जा होता है। इस अवसर पर स्कूल के सभी अध्यापक अध्यापिकाओं को सम्मानित किया गया।

## छात्रों ने लिया अध्यापकों का आशीर्वाद

**पानीपत।** नूरवाला स्थित एवी पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर निशांत प्रकाश ने हवन कराया। अध्यापकों ने बच्चों के साथ मिलकर हवन किया और मिलकर आहुति दी। गुरु पूर्णिमा पर बच्चों ने गुरु के ऊपर कविता गायन किया। निर्देशिका मधु शास्त्री ने कहा कि गुरु पारंपरिक सत्य ज्ञान, सुख शांति और आनंद का स्वरूप है। गुरु के मार्गदर्शन के बिना शिष्य अपने जीवन को सफल नहीं कर सकता। शिष्य को उसके रास्ते पर गुरु ही चलने के लिए प्रेरित करता। अनु और गीता अरोड़ा ने भी बच्चों को गुरु के महत्व पर उद्बोधन दिया। मंच संचालन सिमरन ने किया। बच्चों ने अपने सभी अध्यापकों से नमन करके आशीर्वाद लिया। इस मौके पर ममता, सपना, निशा, स्नेहा, मदन, अंजू, सुनीता, महक, आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** एवी स्कूल में गुरू पुर्णिमा पर आयोजित हवन में आहूति देते शिक्षक व विद्यार्थी ।

## योग शिक्षकों ने मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

- कभी योग को नहीं छोड़ने का दिलाया संकल्प

**पानीपत।** भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति द्वारा आज गुरु पूर्णिमा का पवित्र पर्व देवी मंदिर में मनाया गया। जिसमें विभिन्न योग कक्षाओं से योग शिक्षक, सहयोग शिक्षक, कार्यकर्ता तथा योग साधकों ने बढ़-चढक़र भाग लिया तथा योग गुरु स्वामी रामदेव को अपने गीत, भजन, कविताओं से अपने मनोभावों से उनके प्रति श्रद्धा और सम्मान प्रकट किया। आज के सत्र की शुरुआत हवन यज्ञ से की गई।

भारत स्वाभिमान के प्रभारी शीशपाल ने कहा कि आज के दिन संकल्प लें कि कभी योग को नहीं छोड़ेंगे और ज्यादा से ज्यादा और लोगों को योग कक्षाओं में लाकर योग सिखाएंगे। इस अवसर पर पतंजलि प्रभारी अशोक अरोड़ा, पतंजलि के तहसील प्रभारी बलवान, मोहन लाल, अशोक, बलवान शर्मा, राजेश आहूजा, जितेन्द्र, सुमन वधव, रेखा सेतिया, कुसुम, द्रोपती, रेखा सिंगला, सुनीता खुराना, प्रेम चावला, शीला, प्रीति, शकुंतला आदि, सैक्टर 17 जियो पार्क की कक्षा में पुनम पालीवाल, सिमरन बंसल, अविनाश गिरधर, तृप्ति , सुनीता सचदेवा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## डीएसपी ने की कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा

## कांवड़ियों को मिलें मूलभूत सुविधाएं

- 11 से 23 जुलाई तक आयोजित होगी कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

श्रावण माह में 11 जुलाई से 23 जुलाई तक आयोजित होने वाली कावड़ यात्रा में भाग लेने वाले कांवडियों की सुरक्षा व उनकी मुलभूत आवस्यकताओं को ध्यान रखते हुए डीएसपी नरेंद्र कादियान ने उपमंडल के सभी थाना व चौकी प्रभारियों के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस के अधिकारियों की मौजूदगी में लघु सचिवालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

इसमें कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर पुलिस कर्मचारियों को जरूरी दिशा .निर्देश दिए। डीएसपी कादियान ने कहा कि उपमंडल से गुजरने वाले कावडियों को उनके गंतव्य स्थान तक सुरक्षित पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है इसलिए सभी पुलिस विभाग व अन्य विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही करने पर कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा।



**समालखा।** कांवड़ियों को लेकर पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते डीएसपी नरेंद्र कादियान ।

इस अवसर पर जिला शामली कैराना पुलिस से सीईओ, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी सहित थाना प्रभारी दीपक, हथवाला चौकी प्रभारी बालेश, शहरी चौकी प्रभारी जितेंद्र आंतील, शहरी ट्रैफिक इंचार्ज सतीश सैनी, बापौली थाना प्रभारी नीरज, सनौली थाना प्रभारी विनोद पांचाल, हलदाना चौकी प्रभारी कुलदीप आदि मौजूद रहे।

## भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया

**पानीपत।** जिला भाजपा के सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी मिलने पर रमेश सैन अहरिया ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि एक छोटे से कार्यकर्ता को यह जिम्मेदारी दी है।

रमेश सैन ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली, मुख्यमंत्री नायब सिहं सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, प्रदेश महामंत्री डा.अर्चना गुप्ता, जिलाअध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पूर्व सांसद संजय भाटिया, केबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, आदि का आभार जताया।

## रणबीर बने इनेलो व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव

**पानीपत।** संगठन विस्तार करते हुए इनेलो ने व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की है। इनेलो व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन चौधरी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.अभय सिंह चौटाला और प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा से विचार विमर्श करके व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की है। जिसमें पानीपत के वरिष्ठ नेता रणबीर देशवाल को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। उनकी नियुक्ति के बाद उनके जाटल रोड बाईपास स्थित कार्यालय पर उन्हें बधाई देने वाले कार्यकर्ताओं का तांता लगा हुआ है। वहीं अपनी नियुक्ति पर रणबीर देशवाल ने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है वह उस पर खरा उतरने के लिए दिन-रात पूरी ईमानदारी से मेहनत करेंगे।

**सूचना**

मैं, सुरज पुत्र श्रीपाल निवासी गांव पाथरी, जिला पानीपत अपने हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरे 10वीं (रोल नं.1020521714) व 12वीं (रोल नं. 3023258104) की मार्कशीट में मेरे पिताजी के नाम की स्पैलिंग श्रीपाल (Shreepal) व मेरी जन्मतिथि 24.07.2004 गलत दर्ज है। जबकि मेरे पिताजी के कागजातो के अनुसार उनके नाम की स्पैलिंग श्रीपाल (Shripal) व मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरी जन्मतिथि 01.08.2004 दर्ज है जोकि सही व दुरूसत है। सभी सम्बंधित नोट करें। शपथकर्ता

